तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

10 नेवधा में संयंत्र की पर्यावरणीय लोक सुनवाई कड़ी ...

11 धौराभाटा में पेयजल समस्या का समाधान ...




शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...

लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |


प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से

सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।
छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।
ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।
Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.

## खबर संक्षेप

### राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों को 30 तक कराना होगा ई-केवायसी

**बलौदाबाजार**। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राशन कार्डो में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून तक अपना ई-केवायसी पूर्ण कराना होगा। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत 379636 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इन राशनकार्डों में 1308413 सदस्य पंजीकृत हैं, जिसमें से 1166187 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है और 142226 का शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों क़ो ई-केवायसी में छूट दी गई है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई- केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं।

### आवास प्लस 2.0 सर्वे की समय-सीमा 26 जून तक बढ़ी

**बलौदाबाजार** | प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु चल रहे आवास प्लस 2.0 सर्वे की समय-सीमा 26 जून तक बढ़ा दी गई है। जिन परिवारों का सर्वे छूट गया हो वे इस समयावधि पर सर्वे करा सकते हैं। आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर छूटे हुए परिवारों के पहचान हेतु सर्वे कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं।

अनदेखी : सात साल पहले 95 लाख में बना था स्कूल भवन, अब खंडहर में तब्दील

# अनियमितता की भेंट चढ़ा 95 लाख का स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आजादी के 75 वर्षों बाद भी अगर शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है। हम वास्तव में विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं या फिर भ्रष्टाचार की दलदल में और गहरे धंसते जा रहे हैं। जिले के नगर पंचायत लवन के समीप ग्राम पंचायत करदा का हाई स्कूल भवन इसका उदाहरण बन चुका है। 95 लाख की लागत से 2017 में बना यह भवन महज सात साल में खंडहर में तब्दील हो चुका है और बच्चों को जान जोखिम में डालकर खंडहरों के बीच पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार की मिलीभगत

भवन निर्माण में पीडब्ल्यूडी के अफसरों और ठेकेदार की मिलीभगत से भारी भ्रष्टाचार हुआ। घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर गुणवत्ताहीन भवन खड़ा किया गया। ईंटों की जगह मिट्टी और सीमेंट की जगह बालू से काम चलाया गया। सरकारी धन की लूट हुई और अफसरों ने कमीशन की लालच में खस्ताहाल भवन को हेंडओवर कर लिया।

## सुशासन त्योहार में की गई थी शिकायत, पर नहीं हुई सुनवाई



### छत में पड़ी दरारें फर्श उखड़ा

साल 2017 में 95 लाख की लागत से निर्मित इस स्कूल भवन की हालत आज इतनी जर्जर हो चुकी है, कि इसकी दीवारें दरक गई हैं, छज्जे झूल रहे हैं, फर्श उखड़ चुका है और छत पर गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। बारिश के दिनों में भवन गिरने का डर हर वक्त मंडराता है। शौचालयों की स्थिति भी भयावह है, जहां अब जहरीले जीव-जंतुओं का बसेरा है। बच्चों को खंडहरनुमा कमरों में बैठकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है, जहां हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है।








### शौचालय में बिच्छू, परिसर में गड्ढे कीचड़ भरी सड़क

स्कूल परिसर में बोरिंग तो कराया गया, लेकिन कहीं भी हैंडपंप या पानी की सुविधा नहीं दी। बरसात में स्कूल तक पहुंचने वाला मार्ग कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है। स्कूल का हर कोना अव्यवस्था की कहानी कहता है। ऐसे माहौल में बच्चों की शिक्षा और उनका मानसिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रही है।




### कागजी कार्रवाई तक सीमित विभाग

स्थानीय लोगों और स्कूल प्रबंधन ने कई बार शिक्षा विभाग और प्रशासन को स्थिति से अवगत कराया। सुशासन त्यौहार जैसे आयोजनों में भी इसकी शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने कागजी कार्रवाई कर समस्या को फाइलों में दबा दिया।



### उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई हो

गांव के लोग और अभिभावक अब इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच और दोषी अफसरों व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। साथ ही बच्चों के लिए वैकल्पिक सुरक्षित भवन, सड़क, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था की आवश्यकता जताई जा रही है।



### बच्चों के सुरक्षा की चिंता

19 जून को स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, परन्तु स्कूल भवन की हालत एकदम जर्जर है, बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता हो रही है।

**-आत्माराम कंवर**, सरपंच, ग्राम पंचायत कोयदा

## आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टोरेट में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल फरार ग्राम खेरझिटी थाना पथरिया जिला मुंगेली निवासी 25 वर्षीय नोबिल नवरंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।




जिले में 10 जून को घटित तोड़फोड़, आगजनी घटना में शामिल 1 आरोपी को पुलिस ने हिरासत में हिरासत में लिया गया है। आरोपी घटना दिनांक से फरार था तथा गिरफ्तारी के डर से लगातार अपना पता ठिकाना बदल रहा था। पुलिस टीम द्वारा भी उक्त आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त घटना में शामिल आरोपी नोबिल नवरंग को हिरासत में लिया गया है। उक्त आरोपी नोबिल नवरंग को आज 17 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के ▶▶ शेष पेज 11 पर

## ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

भटगांव-सारंगढ़ मार्ग पर ग्राम घटमड़वा में मंगलवार रात लगभग 8 बजे बलौदाबाजार से सारंगढ़ की ओर जा रहे तेजरफ्तार ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक चालक का सिर बुरी तरह कुचला गया, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर ग्राम घटमडवा में रात 8 बजे के आसपास बलौदाबाजार से ट्रक क्रमाक सी जी 22 एजी 0543 सारंगढ़ तरफ तेज रफ्तार से जा रहा था और घटमड़वा में बाइक क्रमांक सी जी 11 एवाई 2701 सवार युवक को जबरदस्त घसीटते हुए ठोकर मार दिया और बिजली खंभे से ट्रक जा टकराया। इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक जैन ट्रांसपोर्ट का बताया जा रहा है। बाइक सवार युवक का सिर कुचलने से उसकी पहचान नहीं हो पायी थी। घटना की जानकारी ▶▶ शेष पेज 11 पर



## ग्रामीण अंचल में धान बुआई जोरों पर

**खरोरा**। ग्रामीण अंचलों में इन दिनों धान की बुआई जोरों पर है। खेतों में हल चलाए जा रहे हैं। ट्रैक्टर की आवाज़ें सुबह से शाम तक गूंज रही हैं और किसान पूरे उत्साह से अपने काम में जुटे हैं। अब सभी किसानों की निगाहें आसमान की ओर टिकी हैं। बारिश का बेसब्री से इंतजार है। ग्राम भरुवाडीह कला के कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने अच्छी किस्म का बीज तैयार कर रखा है और मिट्टी की तैयारी भी वैज्ञानिक विधि से की है, लेकिन यदि समय पर वर्षा नहीं हुई तो अंकुरण पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार किसानों में



तकनीकी समझ बढ़ी है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता अब भी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। ग्राम मोहरेंगा के कृषक दिनेश कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने धान की बुआई के लिए पूरी तैयारी कर ली है। लेकिन यदि अगले कुछ दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो न सिर्फ बुआई प्रभावित होगी बल्कि भविष्य की फसल पर भी असर पड़ेगा। जलस्तर पहले से ही कम है, जिससे सिंचाई के विकल्प सीमित हो गए हैं।

कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की दी हिदायत

# कृषि विभाग की टीम ने किया कीटनाशक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान जैसे उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग में पदस्थ निरीक्षकों द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों में निरीक्षकों द्वारा कीटनाशक उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा विक्रय केंद्रों को नियमानुसार उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने हेतु समझाइश दी गई। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। विकासखंड बलौदा बाजार के ग्राम सरखोर में संचालित साईं कृषि केंद्र,






अक्षांश ट्रेडर्स एवं इंद्र कृषि केंद्र, विकासखंड भाटापारा में साहू कृषि केंद्र तरेंगा तथा विकासखंड कसडोल में रवि कृषि केंद्र तथा मनीष कृषि केंद्र टुंडरा का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। , जमाखोरी एवं कालाबाजारी के संभावना को देखते हुए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील की है कि किसान भाई जांच परख के ही उर्वरक एवं बीज क्रय करें तथा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। उर्वरक केवल पॉस के माध्यम से क्रय करें। आवश्यकता अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग करें।

### जांच परख के ही उर्वरक एवं बीज क्रय करें

वर्तमान में बीज एवं डीएपी की कमी के कारण नकली बीज एवं खाद विक्रयजमाखोरी एवं कालाबाजारी के संभावना को देखते हुए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील की है कि किसान भाई जांच परख के ही उर्वरक एवं बीज क्रय करें तथा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। उर्वरक केवल पॉस के माध्यम से क्रय करें। आवश्यकता अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग करें। डीएपी की पूर्ति हेतु वैकल्पिक उर्वरक जैसे कि एनपीके एवं एसएसपी का प्रयोग किया जाना उचित होगा।

## शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

थाना सुहेला क्षेत्र में एक शिक्षक द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ कानूनी धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

परिजनों के अनुसार 9 जून को स्थानीय विद्यालय में भौतिक विज्ञान की परीक्षा के दौरान शिक्षक शैलेश वर्मा ने पीड़ित छात्रा को लगातार परेशान किया। आरोप है कि उन्होंने छात्रा से अनुचित शारीरिक संपर्क किया और अश्लील टिप्पणियां की। इससे विचलित होकर छात्रा ने परीक्षा समय से पहले समाप्त की। जब वह परीक्षा कक्ष छोड़कर बरामदे में पहुंची, तो शिक्षक ने उसे वापस कमरे में खींचकर यौन उत्पीड़न किया और अनुचित शर्तें रखीं।




### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने पुष्टि में बताया कि आरोपी शिक्षक को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच की जा रही है, पीड़िता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देरी से खुलासा, परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

घटना के पांच दिन बाद 14 जून को पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपनी मामी को सारी जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत थाना सुहेला में शैलेश वर्मा के खिलाफ लैंगिक उत्पीड़न, धमकी और पास्को अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की। आरोपी के खिलाफ धारा 74, 9C और 10 के अलावा पास्को एक्ट के प्रावधान लागू किया गया है।

**खबर संक्षेप**



### धन्ना बने नयापारा हथबंद मंडल उपाध्यक्ष

हथबंध। धन्ना निषाद को नयापारा हथबंद मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके लिए उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा आनंद यादव व मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतपाल साथ ही विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा का आभार जताया।

### मानिकपुरी पनिका समाज का सरपंच बना प्रदेशाध्यक्ष



**कसडोल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज का प्रादेशिक चुनाव रविवार को पूरे प्रदेश के 33 जिलों में प्रत्यक्ष और पारदर्शिता के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी- जी.डी. महंत, एम.डी. बघेल, बी.डी. मानिकपुरी के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता मनोज दास मानिकपुरी, शेखर दास दीवान के सफल मार्गदर्शन रहा। इन छह लोगों की कमेटी ने गुरु धाम बालापीर महादेव घाट रायपुर में सार्वजनिक रूप से घोषणा करते हुए बताए कि सामाजिक निर्वाचन निर्देश अनुसार कुल पदों की संख्या 9 रही, जिसमें 5 पद निर्विरोध रहा और 4 पदों अध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष का निर्वाचन पद्धति से चुनाव किया गया। इसमें भरत दास मानिकपुरी ग्राम छरछेद कसडोल को कुल मत 5919 पांच हजार नौ सो उन्नीस पाकर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नान्हीं दास दीवान निवासी बंधुवा भाठा करतला जिला कोरबा कुल मत 6268 पाकर प्रदेश महासचिव निर्वाचित हुए। गोपाल दास पड़वार निवासी केशला खरोरा जिला रायपुर कुल मत 6523 पाकर प्रदेश कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। गोरे दास मानिकपुरी निवासी केरा झरिया पाली जिला कोरबा कुल मत 5347 पाकर प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए।

### उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**हथबंद।** प्रदेश में 16 से 30 जून तक शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल हथबंद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगाम में आतंकी हमला एवं अहमदाबाद के विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्मा को 51 दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात नव प्रवेशी छात्रों को निःशुल पुस्तक वितरण कर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति हथबंद के अध्यक्ष विद्या वर्मा ने नव प्रवेशी छात्रों को बधाई दी। जिला पंचायत सदस्य दीप्ति वर्मा ने शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की जानकारी दी। भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने शाला परिवार के शिक्षकों से बच्चों में पढ़ाई के साथ नैतिक शिक्षा एवं उत्तम संस्कार का भी अध्यापन करने की अपील की। शाला समिति के भूतपूर्व उपाध्यक्ष संतोष धर दिवान ने छात्रों को सही लक्ष्य उद्देश्य के साथ पढ़ाई करने की अपील की। संस्था के प्राचार्य सीके नायक ने शिक्षा सत्र 2025 में छात्रों द्वारा परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर नवाचारी के क्षेत्र में उत्तम कार्य के लिए विधायक सुनील सोनी द्वारा सम्मानित शिक्षिका ऋतु वर्मा को शाला समिति हथबंद की ओर से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना हथबंद के कार्यक्रम अधिकारी योगेश त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आगामी 21 जून को शाला परिसर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने की अपील की।

# ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंध

सिमगा विकासखंड क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत हथबंध जो हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। चाहे वह प्रस्ताव हो, पंचायत बैठक का हो, आए, व्यय, स्वच्छता, पंचायत के सचिव जैसे कई बातों को लेकर लगातार चर्चा में बना हुआ है। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ढालेश्वरी अनंत ने खास बातचीत करते हुए बताया कि हमारे ग्राम हथबंध में 17 वार्ड है और हर वार्ड की अलग-अलग पहचान है हमारे यहां मछली मार्केट, स्कूल का मैदान, दुर्गा मंच जैसे जगह पर हमने लगातार साफ-साफ अभियान की ओर ध्यान भी चलाया है और अभी बीच में लगातार गंदगी की माहौल बना जिस पर हमने इस पर ध्यान आकर्षित कर संज्ञान में लेते हुए साफ सफाई करवाएं और अभी भी साफ-सफाई अभियान जारी है। हम लोगों से अपील करते हैं कि वह घरों से निकलने वाले कचरे को एक जगह ही डस्टबिन में, कूड़ेदान में या फिर एक जगह गड्ढे बनाकर डाल के रखे जिससे कि वह कचरा बाहर फैले नहीं जिससे की गंदगी और बदबू भी वातावरण में ना हो। हम चाहते हैं कि स्वच्छ हथबंध मिशनअभियान में पूरे लोग जागरुक रहे पूरे गांव के लोग हमें भी साथ दे स्वच्छ रहे,सजग रहे,सुरक्षित रहे ग्राम पंचायत हथबंध में लगातार विकास के लिए कार्य हुए हैं हो भी रहे हैं और कई सारे काम मिला है जिसे करना भी है।

## हथबंध पंचायत में सरपंच ने स्वच्छता पर दिया जोर और ग्रामीणों को किया जागरूक

### एक अच्छी पंचायत का दृष्टिकोण में लाएगें

निश्चित तौर पर हम हथबंध को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में देखते हैं और इसको उसी अनुरूप में ढालने के लिए प्रयास कर रहे हैं लगातार बैठक के लिए भी चर्चा हो रही है हम अभी सिर्फ ग्राम पंचायत के सचिव के लिए परेशान है क्योंकि जो पहले सचिव थे उनका तबादला हो चुका है और अभी जो नवनियुक्त सचिव है वहां अपने विचार में हथबंध को नहीं समझ पा रहे है,तो यथा और व्यथा दोनों की बातें हमारे पास है इसलिए हम अभी पंचायत पर जो चाहे वह कर नहीं पा रहे हैं और कुछ लोकापवाद भी इसी वजह से हो रहा है मगर हमने यह ठाना है कि ग्राम पंचायत हथबंध को एक अच्छे पंचायत की दृष्टिकोण में लाकर दिखाएंगे।

### स्वच्छता से नाता जोड़ो



सरपंच ढलेश्वरी अनंतन कहा कि स्वच्छता की ओर बढ़ो, बीमारी से दूर रहो। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। स्वच्छता से नाता जोड़ो, गंदगी को पीछे छोड़ो। आओ मिलकर देश सजाएं, गंदगी को दूर भगाएं। क्योंकि आज गांव-गांव से शहर शहर से बड़ा नगर नगर से महानगर और ऐसे बढ़ते बढ़ते हम गांव, वि.खंड., जिला, राज्य, देश को स्वच्छ देश में तब्दील करेंगे।

### आस-पास स्वच्छता बनाए

स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है, चाहे वो उनका घर हो, उनकी वर्कप्लेस हो या समुदाय हो। एक साफ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक आराम भी प्रदान करता है।

**कार्यक्रम : उप मुख्यमंत्री साव वर्चुअल जुड़े, विधायक संदीप साहू हुए शामिल**

# साहू समाज के मांगलिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



ग्राम दतान (प) में साहू समाज द्वारा सामूहिक मांगलिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन सोमवार को विधि-विधान और उल्लास के साथ हुआ। आयोजन स्थल कर्मा धाम, दतान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़ते हुए समाज को शुभकामनाएं दीं और भवन निर्माण के इस पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, यह भवन साहू समाज की एकता और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विशेष अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह मांगलिक भवन न सिर्फ समाज के आयोजन के लिए एक केंद्र बनेगा, बल्कि यह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता टहलसिंह साहू ने की। उन्होंने कहा कि साहू समाज की संगठित शक्ति और सामूहिक प्रयास ही समाज को सशक्त बनाता है। इस आयोजन में धन्नू साहू, मोनू साहू जिप सदस्य, सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, गणपत साहू अध्यक्ष साहू समाज, जानवन्ति नीलकमल साहू सदस्य जनपद, अंजली पुरुषोत्तम फेकर सरपंच, केशव साहू, यमलोक साहू, हेमकुमार साहू, डोमार साहू, संजू साहू, पुरन लाल साहू अध्यक्ष, विजय कुमार साहू सचिव, भोला राम साहू,पुश राम साहू, केजू राम साहू,देलू राम साहू, भगेला साहू, वासुदेव साहू, रामलाल साहू, डायमंड साहू राजेंद्र साहू, मुकेश साहू, अरुण साहू सहित सामजिकगण उपस्थित थे।

# ब्लाक की स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शाला प्रवेश उत्सव 16 जून को सभी स्कूलों में मनाया गया, परंतु इस बार 5 व 8 वीं के मार्कशीट के लेटलतीफी के कारण कई स्कूली छात्राएं अपने मार्कशीट अर्जित करने के लिये स्कूल के चक्कर लगाते नजर आये। इस सम्बंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया गया कि संकुल समन्वयक को मार्कशीट दी जा चुकी है जो जल्द छात्र- छात्राओं को मिल जायेगी। वही बाकी नये सत्र में छात्रों का उत्साह औऱ आकांक्षा काफ़ी देखी गई। वहीं शिक्षकों में भी बच्चों के प्रवेश प्रारम्भ पर एक दायित्व बोध देखा गया व शिक्षा व अध्ययन क्रम पर अपनी कर्तव्य की कसौटी को बताया।

# नेवधा में संयंत्र की पर्यावरणीय लोक सुनवाई कड़ी सुरक्षा के बीच हुई





हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

तहसील के ग्राम केसदा में प्रस्तावित मेसर्स संभव ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड संयंत्र की स्थापना के लिए ग्राम नेवधा में सोमवार को पर्यावरणी लोक सुनवाई का आयोजन हुआ। अपर कलेक्टर बलौदा बाजार दीप्ति गौते की अध्यक्षता में ग्राम केसदा में प्रस्तावित संयंत्र की स्थापना के लिए ग्राम नेवधा में पर्यावरणी जनसुनवाई प्रारंभ की गई। उपस्थित हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे। 100 प्रतिशत महिलाओं ने रोजगार दिए जाने की बात कहते हुए अपने विचार रखे तथा संयंत्र खोलने के लिए सहमति जताई। चंद ग्रामीण पुरुषों ने पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रखते हुए युवाओं को रोजगार देने की बात पर अपने विचार रखते हुए सहमति जताई। जनसुनवाई के दौरान प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेकसिंह, हेमसागर सिंह सिदार, तारेस साहू एसडीओपी दल बल सहित मौजूद थे। एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा सहित सम्पूर्ण राजस्व अमला उपस्थित थे। प्रबंधन की ओर से भावेश खेतान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। संयंत्र की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की गई थी।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा




विकासखंड एवं संकुल स्तरीय एवं पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को निशुल्क गणवेश, निशुल्क पुस्तक प्रदान किया गया। सत्र 2025-26 के लिए नव प्रवेशित कक्षा पहली के छात्रों को भारतीय संस्कृति अनुसार जब कुछ भी शुभ कार्य होता है तो हम हाथ का छाप और पैर का छाप लेकर प्रवेश करते हैं। प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों के पद चिन्ह एवं हाथ के चिन्ह का छाप लगाकर उन्हें तिलक कर कर मुंह मीठा एवं फूल देकर उनका स्वागत किया गया। पीएमसी स्वामी आत्मानंद विद्यालय सिमगा के प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज करने वाले लिव्यांश देवांगन, कंचनबाला, क्षमा देवांगन, मेघा वर्मा, सुजल जैन को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों को भोजन कराया गया, जिसमें खीर, पूरी, पुलाव, सब्जी, मीठा, पापड़ सलाद आदि थे।

कार्यक्रम का संचालन तापस राय, तारेन्द टंडन, अनुरिका सिंह, शालिनी शुक्ला ने किया। अतिथियों के रूप में अनिल पांडे माया सलूजा ढाल सिंह ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा नीरज शर्मा अनूप तिवारी विष्णु जायसवाल विकास सोनकर उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश तोंडे जनपद सदस्य, टैबू देवांगन, पीतांबरी सोनकर, मुरली साहू छोटे लाल यादव, सी. एस ध्रुव, सत्यवत मिश्रा सीएसी गीता लहरे आदि उपस्थित थे। प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा द्वारा आए अतिथि एवं पालक शिक्षकों और गणमान्य नागरिक का आभार जताया गया।

# बसपा ने संयंत्र की जनसुनवाई निरस्त करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा




समीपस्थ ग्राम सांकरा में प्रस्तावित मां बेरीवाली स्टील प्राइवेट लिमिटेड उद्योग को लगाने के लिए पर्यावरण विभाग द्वारा 20 जून को ग्राम सांकरा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। आयोजन स्थल में विशाल पंडाल एवं डोम लगाने तैयारी की जा रही है। जिसका पता चलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। सभी आस पास के दर्जनों गांव जिसमें बेमता, सोमनाथ, लखना, भूमिया, सांकरा, औरेठी, तोरपोंगी, सड्ड आदि गांव के ग्रामीण संयंत्र का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों के साथ बहुजन आंदोलन पार्टी भी है। संयंत्र के लिए बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली के नेतुत्व में मंगलवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम तिल्दा आषुतोष देवांगन एवं तहसीलदार ज्योति मसिहारे को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष अली ने बताया कि तिल्दा क्षेत्र में सिलतरा के सारे फैक्ट्रियों को नए सिरे से स्थापित किया जा रहा है। जो आज सिलतरा की स्थिति है, वही स्थिति यहां भी होने वाली है। सारे उद्योगों को पानी भी चाहिए, इसके लिए शिवनाथ नदी से पाइप लाइन बिछायी जा रही है। अली ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने इस साल पहली बार देखा कि जीवन दायिनी शिवनाथ नदी को पहली बार सुखते देखा। ऐसी परिस्थिति में किसानों की खेती पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा।

# खनिज अधिकारी एवं जिला प्रशासन की सांठगांठ से जिले में चल रहा अवैध खनिज उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल



■ विधायक संदीप साहू ने जिला प्रशासन पर लगाया आरोप, कार्रवाई के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



जिले में अवैध रूप से संचालित क्रेशर गिट्टी, रेत, मुरूम एवं पत्थर की खदानों को बंद कर खनिज तस्करी की रोकथाम तथा थाना गिधौरी के अंतर्गत 12 जून को खनिज माफिया व रेत तस्करों के द्वारा ग्राम खपरीडीह में की गई आपराधिक कृत्यों की सूक्ष्म जांच कराने को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने सोमवार को कलेक्टर को पत्र लिखा है। विधायक संदीप साहू ने बताया कि 12 जून को खपराडीह की घटना जिसमें युवक को खंभे से बांधकर पीटा जा रहा है। मामले की सूक्ष्म जांच होना चाहिए। यह लड़ाई वर्चस्व की दिख रही। खपराडीह में माफियागिरी चल रही जिसके आड़ में अवैध कार्य किए जा रहे। विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि जिले के अंतर्गत खनिज तस्करों द्वारा रेत, गिट्टी, पत्थर, मुरम तथा क्रेशर खदानों का संचालन जिले के खनिज अधिकारियों से सांठगांठ कर, अवैध रूप से खुलेआम खनिज का उत्खनन कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन की मिली भगत के चलते जिले में ही क्रेशर गिट्टी, रेत, मुरूम एवं पत्थर की खदानें अवैध रूप से धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं, जिसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम व्यक्तियों द्वारा समय-समय पर सूचित की जाती रही है, जिस पर कोई तात्कालिक कार्रवाई नहीं होने के कारण से वर्तमान में इसकी भयावह स्थिति थाना गिधौरी की सीमावर्ती क्षेत्र में 12 जून को खनिज माफिया व रेत तस्करों द्वारा ग्राम खपरीडीह के निवासी नवयुवक परमेश्वर साहू को अमानवीय रूप से बंधक बनाकर गांव के चौराहे के खंभे से बांधकर खनिज माफिया व रेत, गिट्टटी के तस्करों व गुर्गों द्वारा बेल्ट और लाठी-डंडे से मारापीट एवं घसीट-घसीटकर मारा गया है, जिसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम होगी। यहां पर, जिले के अधिकांश गांवों में खनिज तस्करों, माफियाओं का डर एवं भयावह का माहौल निर्मित हो चुका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणजनों में डर का माहौल बना है।

**खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम करें कड़ी कार्रवाई**

# जिले की रेत खदानों में निकासी पर 15 अक्टूबर तक लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




■ जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर सोनी ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी एवं कार्रवाई हेतु राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों क़ो निर्देशित किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौण खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 649 प्रकरणों में से 647 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 450 मामलों में 14448370 रुपये समझौता राशि जमा कराया गया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सभी एसडीएम, उप संचालक खनिज प्रशासन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

### खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन सख्त

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के रेत खदानों से रेत निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल भंडारित क्षेत्र से रेत का परिवहन रायल्टी पर्ची के साथ कर सकते हैं। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय कर ठोस कार्रवाई करें। इसी तरह गौण खनिजो के खदान का निरीक्षण एवं अवैध उत्खनन व परिवहन पाए जाने पर पट्टेधारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में गौण खनिज साधारण रेत के नये खदानों क़ो चिन्हित करने नीलामी करने, उत्खनिपट्टा स्वीकृति, गौण चूना पत्थर का ऑक्शन के माध्यम से आबंटन, रेत के भण्डारण अनुज्ञा पत्रों का निरीक्षण, माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के तहत चिन्हित ट्रिगर का सत्यापन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से तीन लोग घायल

**महासमुंद।** पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोहारपार मोड़ के पास का है। पुलिस को प्रार्थी शिव कुमार चौहान निवासी ग्राम पिताईपाली ने बताया कि 11 जून को उसके चाचा छोटूलाल चौहान गांव के अजय बंछोर एवं जुगसाय बंछोर के साथ अपने दामाद सौदागर चौहान के मोटर सायकल सीजी 06 जीएम 2088 से अपने काम से तहसील ऑफिस सरायपाली गये थे। वापस आते समय करीबन 12.30 बजे एनएच53 रोड में ग्राम बोहारपार मोड़ के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 06 जीडब्लू 9102 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में छोटूलाल चौहान के सिर, हाथ, पैर एवं कंधे, अजय बंछोर को सिर, हाथ व पैर में और जुगसाय के सिर व पैर में चोट आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बोर के पानी को लेकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खुरदरहा में बोर के पानी को लेकर एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नवधा बाई लहरे पति चिंतामणी लहरे (उम्र 50) ने बताया कि 16 जून को लगभग 4 बजे अपने घर के आंगन में छेना बीनने का काम कर रही थी, उस दौरान उसके देवर का बेटा नंदलाल लहरे आया और आप लोग मेरे खेत में बोर का पानी को ज्यादा भेज रहो हो कहने लगा। जिस पर उसने कहा कि बोर से पानी ज्यादा नहीं निकाल रहे हैं, ऐसा कहने पर आरोपी गाली गलौज कर टंगिया से मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराबी और उसके पिता ने की मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीकर गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामला पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम अर्जुनी का है। पुलिस को संजय ध्रुव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 13 जून को गांव का तरूण सेन शराब पीकर गांव की गली में गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इसके बाद उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद आरोपी ने अपने पिता पिता हेमलाल सेन के साथ मिलकर मारपीट की।

### खेत जोत रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खेत की जुताई कर रहे एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को अरूण कुमार राणा अरूण कुमार राणा पिता छत्तरराम राणा (45 साल) निवासी राफेल ने बताया कि 17 जून को 4 बजे अपने खेत की ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था उसी समय गांव के कैलाश राणा पिता विभीषण एवं उसके पुत्र ने मारपीट शुरूकर दी। हमले से डरकर वह अपनी ट्रैक्टर को छोड़कर ग्राम डेबरीगढ के आनंदराम पटेल के घर छुप गया।

## पेज 09 के शेष

### आगजनी और ...

समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा अब तक बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल कुल 194 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ट्रक ने बाइक को ...

गिधौरी थाना को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को एम्बुलेंस से कसडोल भेजा गया ।और इधर मृतक की पहचान कुछ देर बाद पता चली, जिसमें बाइक सवार मृतक युवक जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम तुस्मा निवासी मिथुन पिता लक्ष्मण साहू के रूप में शिनाख्त हुई। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है गिधौरी पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# धौराभाटा में पेयजल समस्या का समाधान : इंजीनियर का रहा योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक के ग्राम पंचायत धौराभाटा लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली है। जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप गांव में नियमित और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। इस कार्य को सफल बनाने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इंजीनियर संदीप लॉरेंस का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

गांव के निवासियों ने बताया कि वर्षों से गर्मियों में जल संकट गहराया करता था, जिससे न केवल घरेलू कार्य प्रभावित होते थे, बल्कि पशुपालन और कृषि कार्यों पर भी बुरा असर पड़ता था। जल जीवन मिशन की टीम ने गांव का सर्वेक्षण कर उपयुक्त योजना बनाई और तेजी से कार्य आरंभ किया।

यह पहल हर घर जल के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों ने सरकार एवं इंजीनियरिंग टीम का आभार व्यक्त किया और जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर संदीप लॉरेंस जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, मनोज कुमार राठौर गांव के सचिव जी आर टंडन एवं पूर्व सरपंच लोकनाथ साहू व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली**




**पेयजल की समस्या खत्म हो गई**

इंजीनियर संदीप लॉरेंस ने तकनीकी योजना, पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण और स्रोत विकास जैसे कार्यों में न केवल नेतृत्व किया बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं का समाधान किया। उनकी मेहनत और समर्पण के चलते आज गांव के हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंच रहा है। सरपंच सरिता जोशी ने कहा, इंजीनियर की मेहनत और टीम के सहयोग से आज हमारे गांव में पेयजल की समस्या खत्म हो गई है। यह हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## परेशानी : मुख्य मार्ग की रिक्त भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे

# मुख्यालय के लोग 2 यात्री प्रतीक्षालय के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिला मुख्यालय के नगर में केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय जिसका सुचारू रूप से देखरेख नहीं हो रही है, जबकि सीमेंट संयंत्रों के सहयोग से सीएसआर मद द्वारा कई प्रमुख स्थानों पर उपयुक्त सुंदर मॉडल के यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया जा सकता है। जिला मुख्यालय में जहां हर बस स्टॉपेज पर यात्रियों, नागरिकों की सेवा सुरक्षा हेतु आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय होने की आवश्यकता है वहां नगर के भीतर केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय हैं। एक जनपद कार्यालय के सामने और दूसरा जिला सत्र न्यायालय के आगे स्थित हैं, जिससे अन्य प्रमुख स्थानों के यात्री कड़कती धूप, बरसात में अपने परिवार सहित खड़े-खड़े ही बस आदि का इंतजार करते हैं। खास तौर पर भाटापारा की ओर अनुसूचित बालक छात्रावास के बाजू में, गार्डन चौक, रायपुर रोड, लवन रोड में यात्री प्रतीक्षालय की अति आवश्यकता आम नागरिकों द्वारा बताई जाती रही है, किन्तु उक्त मामले में लगता है कि प्रशासन का ध्यान अब तक केंद्रित नहीं हो पाया है। इससे मुख्य मार्ग की करोड़ों की भूमि अवैध कब्जे की शिकार हो रही जिसे भविष्य में संचय रख बचाया जाना काफी मुश्किल प्रतीत हो रहा है। हम यदि स्कूल बस की भी बात करें तो उसकी भी दर्दनाक स्थिति है, महामाया मंदिर बस स्टैंड से गार्डन चौक तक अनेक बच्चों के माता-पिता आदि यातायात से भरे ट्रैफिक के बीच स्कूल बस का इंतजार कड़कती धूप, बरसात में करते हैं, जहां स्कूल बस कही भी रुक जाती है, जिससे अप्रिय दुर्घटना निर्मित होने का खतरा बना रहता है। वहीं मुख्य मार्ग के बालक छात्रावास के बाजू की रिक्त भूमि में यदि यात्री प्रतीक्षालय आम लोगों सहित स्कूल बस के लिए बनाया जाता हैं तो आमजनों सहित हमारे मुख्य मार्ग की भूमि को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इसी प्रकार गार्डन चौक के बाजू में 2-3 मिनी यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाते हैं तो वहां भी सुरक्षित यातायात यात्रा हो सकती हैं।

■ सीमेंट संयंत्रों के सी एस आर मद से बनाएं जा सकते हैं यात्री प्रतीक्षालय

## विधायक संदीप के जन्मदिन पर 42 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कसडोल विधायक संदीप साहू के जन्मदिन उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने सेवा और समर्पण के साथ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पलारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 42 युवाओं ने भाग लिया और रक्तदान कर जनसेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर का आयोजन नगर पंचायत पलारी द्वारा किया गया था। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जन्मदिन मनाना नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा भावना को प्रकट करना था, जो विधायक संदीप साहू की जनसेवा की सोच से प्रेरित था। विधायक संदीप साहू ने सभी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह प्रेम और स्नेह ही उनकी असली ताकत है, जिससे उन्हें क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रेरणा मिलती है।रक्तदान के अवसर पर गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, हर्षू वर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, धन्नू साहू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू समाज, केशव साहू मीडिया प्रभारी जिला साहू संघ, हेमंत साहू, हेमकुमार साहू, पनमेश्वर साहू, डोमार साहू, संजू साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बलौदाबाजार।** विश्व योग दिवस 2025 की तैयारी के तहत संचालनालय, आयुष, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आयुष विभाग बलौदाबाजार के अंतर्गत संचालित 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) तथा आयुर्वेद औषधालय में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार 17 से शुरू हुआ। जिला



आयुष अधिकारी ने बताया कि जिले के डमरू, खम्हरिया, निपनिया, दामाखेड़ा, रावन, मोहरा, देवसुन्द्रा, दतरेंगी, सिरियाडीह, कसडोल, रिकोकला, टुण्डरा एवं सलिहा में विभाग के योग प्रशिक्षिकों द्वारा जनसामान्य को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिस का लाभ कोई भी ग्रामवासी ले सकते हैं। इन योग शिविरों का समापन 21 जून को विश्व योग दिवस के दिन होगा। इसके बाद भी योग सीखने या योगाभ्यास के इच्छुक जन इन 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में चलने वाले प्रतिदिन योग प्रशिक्षण में निरंतर भाग ले सकते हैं।

## विधायक संदीप साहू का जन्मदिन धूमधाम से मना

**लवन।** कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप साहू का जन्मदिन 17 जून को क्षेत्रभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कसडोल, लवन और पलारी सहित कई गांवों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आम जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस दिन को यादगार बना दिया। कसडोल में भव्य स्वागत और जनसंपर्क कसडोल में सुबह से ही समर्थकों की भीड़ विधायक निवास पर जुटने लगी, वही लवन ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भी लवन में केक काटकर मिठाई खिला कर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान क्षेत्रवासी के लोगों ने विधायक का तिलक लगाकर, शाल भेंट कर जन्मदिन की बधाई दीए और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की विदित हो की विधायक संदीप साहू का जनसेवा के प्रति समर्पण और जनमानस से गहरा जुड़ाव ही है कि उनके जन्मदिन को लेकर जनता में विशेष उत्साह देखा गया, लोगों ने कहा कि साहू केवल एक राजनेता नहीं बल्कि आम जनता के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जो हर परिस्थिति में क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहते हैं। वहीं दिनभर चले कार्यक्रमों के अंत में विधायक संदीप साहू ने सभी क्षेत्रवासियों कार्यकर्ताओं सहयोगियों और शुभचिंतकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा इसी तरह जनता की सेवा करता रहूंगा।



# सशिमं के शिक्षक कृष्ण कुमार को मिला शिक्षादूत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण भाव तथा नवाचार व शिक्षा के प्रति निष्ठा के लिए सरस्वती शिशु मंदिर पवनी के आदरणीय आचार्य कृष्ण कुमार साहू को शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया है।

कृष्ण कुमार साहू द्वारा विद्यालय में निरंतर की जा रही अनुशासित, आदर्श एवं प्रेरणादायक शिक्षण पद्धति, छात्रों में नैतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु प्रयास, तथा विविध शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता के कारण वे समस्त शैक्षणिक समुदाय में एक उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने न केवल पठन-पाठन में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित दृष्टिकोण अपनाया है।

कुमार चौहान शिक्षक बहुद्देशीय संस्था द्वारा इस सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व संस्थापक शेखर दत्त चौहान तथा सह-संस्थापक देवदत्त चौहान व सूत्रधार शशिभूषण स्नेही एवं अन्य विशिष्ट शिक्षाविद व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस सम्मान से समस्त विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी गौरवांवित हुए हैं। गांव के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और सरस्वती शिशु मंदिर पवनी विद्यालय परिवार ने कृष्ण कुमार साहू को बधाई दी है।

# अर्थ फाउंडेशन ने प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

**गिधौरी।** गिरौदपुरी स्थित मड़वा धर्मशाला में अर्थ फाउंडेशन हमर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मेरिट अवार्ड एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्यारेलाल आदिले, प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, जेबी डीकला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा कोरबा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर भास्कर ने की। विशिष्ट अतिथियों में पीआर महादेवा कोष, लेखा एवं पेंशन, अंबिकापुर, आरपी मिरे, सहदेव भारती, डॉ. डीपी मनहर, विनोद कोसले एवं मंजिमा शांडिल्य की उपस्थिति रही। बाबा गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना वातावरण की गई। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस विशेष अवसर पर संतोष जांगड़े, धीरेंद्र बनर्जी, बिलोकचंद खरे, अमर भास्कर, अश्वनी कुर्रे, विपेंद्र बघेल, डॉ. राममनोहर, घनश्याम राय, हरिप्रसाद कुर्रे, रामनारायण भारद्वाज, हेमंत कुर्रे, पुष्पेंद्र लहरे, बीरबल पंकज, डॉ. प्रकाश खरे, राजकुमार जांगड़े, ऊर्जस्वि जांगड़े समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति से कार्यक्रम प्रेरणादायक बन गया।



# बिरसा मुंडा की जयंती पर धरती आबा जनजातीय अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा घोषित जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत एक विशेष 15 दिवसीय कार्यक्रम धरती आबा जनजातीय अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत बिटकुली के आश्रित ग्राम बरडीह में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश चवरे सरपंच संघ अध्यक्ष सिमगा एवं सरपंच ग्राम पंचायत बिटकुली द्वारा श्रीफल तोड़कर विधिवत किया गया।

शिविर में कार्यों की विस्तृत जानकारी सचिव हीरालाल साहू द्वारा ग्रामीण जनों को प्रदान की गई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं को सीधे जनता तक पहुँचाना है।



शिविर में आधार कार्ड निर्माण एवं अपडेट, नवीन आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड निर्माण, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र की तत्काल प्रक्रिया, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु आवेदन, कृषि एवं बैंकिंग संबंधित सहायता, शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पंचायत, श्रम, कृषि एवं बैंकिंग विभाग के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

यह शिविर 30 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम, सहायता कैंप एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में यह अभियान एक प्रेरणादायक कदम साबित हो रहा है।

## योग शिक्षकों को जल्द मिलेगा रोजगार : सिन्हा

# छत्तीसगढ़ में योग को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज : भरूवाडीह/सैहा/ गुमा

छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के नव प्रतिनिधि मंडल ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा जी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर विशेष मुलाकात किया। इस अवसर पर खोमेश साहू ने माननीय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राज्य में 35 से 40 हजार योग-योग्यताधारी है, लेकिन शासकीय सेवाओं के अवसर अल्प होने के कारण योग में निराशा व्याप्त हो रही है, जिस कारण योग रोजगार हेतु व्यापक पहल की आवश्यकता है।

■ योग संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की योग आयोग अध्यक्ष से मुलाकात

इस पर माननीय रूपनारायण सिन्हा जी ने कहा कि आगामी योग के शासकीय भर्तियों में योग-योग्यताधारियों को ही पहली प्राथमिकता तथा आगामी समय में योग के हीं स्कूल और महाविद्यालय स्थापित करने हेतु भी विशेष पहल किया जाएगा। हॉस्पिटल, जेल, दिव्यांग स्कूलों आदि में आगामी समय में योग शिक्षकों की विभिन्न भर्तियां व राज्य में आम नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए 'योग के गोठ' जैसे कार्यक्रम भी संचालित किये जाएगे। माननीय अध्यक्ष जी के आगामी संचालित योग के विविध कार्यक्रमों की जानकारी से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी योग-योग्यताधारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



**ये रहे उपस्थित:** इस मुलाक़ात में योग संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष खोमेश साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, महासचिव नवीन पटेल, संयुक्त सचिव - योगेश साहू, सह सचिव - नितेश पटेल तथा योग आयोग से रविकांत कुम्भकार, प्रभारी अधिकारी गौरव जी, अधिकारी राकेश साहू, निज सचिव व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कन्या स्कूल में मना प्रवेशोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पं.लक्ष्मीप्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला विकास समिति के अध्यक्ष नीलम सोनी की अध्यक्षा में नव प्रवेशी बालिकाओं को मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें नव प्रवेशी बालिकाओं को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस शाला प्रवेशोत्सव कार्यकम में शाला विकास समिति की सदस्य सरिता मार्के तथा शाला की प्राचार्य रमा वर्मा एवं समस्त स्कूल स्टॉप उपस्थि रहे।

## खबर संक्षेप

### 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित, 10,000 का जुर्माना

**बलौदाबाजार**। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि क़ो दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि क़ो बंद ऋतु के रुप में घोषित किया गया है। जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों में नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### खरोरा में महिलाओं ने की महादेव की पूजा



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के तालाब में सोमवार को महिलाओं ने भगवान महादेव के नाम से दीप जलाकर पूजा अर्चना की। जिसमें सरोज, उतरा, मधारी, अरुण, ममता, देवकी, मोनिका, टीना, दुर्गा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### योग भवन में योग महोत्सव 21 को

**महासमुंद**। करे योग रहे निरोग के नारे के साथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन शाखा महासमुंद में प्रातःकाल 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग महोत्सव में योगासन व प्राणायाम का कार्यक्रम रखा गया है। शहर एवं ग्रामीण के महिला पुरुष इस महोत्सव में शामिल हो सकते हैं, जो नियमित योग नहीं कर रहे वह अपना रजिस्ट्रेशन योग भवन में सुबह 6 से 7.30 पहुंच कर करवा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के तारेंद्र चंद्राकर ने दी।

### क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशनुसार जिला क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष होने वाले क्रिकेट प्रतियोगिता के ट्रायल में सम्मिलित होने के लिए सभी वर्गो अंडर-14 अंडर-16 अंडर-19, अंडर-23 सीनियर का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही महासमुंद जिला क्रिकेट संघ से खेलने के पात्र होंगे। पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र (डिजिटल / मैनुअल), पिछले 5 वर्ष की मार्कशीट, पीवीसी आधार कार्ड सभी दस्तावेज की मूल प्रति लेकर आप संघ के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए अनुरोध शर्मा, तृपेश साहू से संपर्क कर सकते हैं।

### खट्टीडीह स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह में शाला प्रवेश उत्सव 2025 बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच भुवनेश्वर ध्रुव, पंच ईश्वर कंवर, मुकबती साहू, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, देवनारायण साहू, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, एसएमसी अध्यक्ष वासुदेव कंवर, शिक्षाविद टोहल राम साहू एवं एसएमसी के सदस्यगण लक्ष्मी कंवर, केसरी यादव, दुर्गा साहू, दुर्गा कंवर, मोहनी निषाद, हेमकुमारी निषाद, लीला साहू, खोमिन कंवर, संतोष कंवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं बालवाड़ी के बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को पाठयपुस्तक वितरण के साथ गणवेश भी वितरित किए गए। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन प्रधान पाठक गोपाल साहू द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी,फल इत्यादि वितरित किए गए। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अतिथियों द्वारा नीम के पौधा का रोपण किया गया।

# विप्र वाटिका में एक्युप्रेशर-सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 6 दिवसीय एक्युप्रेशर, सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन बाल्मीकि विप्रवाटिका किया गया है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं तथा चिकित्सा का लाभ उठा रहे हैं। एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से पूर्णतः मुक्त एक्युप्रेशर व चुम्बकीय चिकित्सा से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। इस कार्यक्रम को श्याम कुमार शुक्ला अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज, सुशील तिवारी, वीडी दीवान, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, राजीव लोशन शुक्ला, शिव नरेश शुक्ला, रिचा द्विवेदी, नितेश शर्मा और अन्य समाज के वरिष्ठ लोगों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञ डॉ. वी आर चौधरी व थेरेपिस्ट डीआर जाखड़ विशेष रूप से मौजूद रहकर लोगों की शारीरिक समस्या का इलाज कर रहे हैं। श्याम कुमार शुक्ला ने बताया कि शिविर के पहले दिन 95 लोगों ने रजिस्टेशन कराया था। इस शिविर में पुराना सरदर्द, आंख, कान, नाक, गला, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, लकवा मानसिक तनाव, सर्वाइकल दर्द, घुटनों में दर्द, बवासीर सहित अनेक बीमारियों का इलाज बिना दवाई एक्युप्रेशर मसाज, सुजोक, चुम्बकीय एवं वाइब्रेशन थैरेपी से किया जा रहा है।

### जोधपुर से पहुंचे डॉक्टर कर रहे मरीजों का उपचार



#### हर मरीज को 15 से 20 मिनट तक थैरेपी दे रहे

शिविर 8 से 12 बजे तक एवं शाम को 4 से 8 बजे तक है, जिसमें लोगों का इलाज किया जा रहा है। इस 6 दिवसीय शिविर में हर मरीज का प्रतिदिन 15 से 20 मिनट तक इलाज थैरेपी दी जा रही है। साथ ही आगे किस तरह इसे करना है यह भी विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा बताया जा रहा है। शिविर को लेकर नगर में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। समाज का एक मात्र उद्देश्य सभी समाज के लोग स्वस्थ रहे खुशहाल रहे और रोगमुक्त रहे जिसको लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने इस शिविर का आयोजन किया है।

**पहल : अभियान के तहत जिले में लगाए जा रहे 60 शिविर**

# राविसे प्राधिकरण ने जनसेवा के लिए गठित की पांच इकाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तीन दशक पूरे होने पर गालसा द्वारा पांच इकाई का गठन किया गया है, जिसमें आशा- बाल विवाह से संबंधित है, साथी- बेसहारा बच्चों की पहचान कर उनका विधिक दस्तावेज तैयार कराकर शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने में सहयोग करना, डान- नशामुक्ति अभियान से संबंधित है, संघाद- अनुसूचित जनजाति के अधिकारों के संबंध में स्थापित किया गया है।

जागृति इकाई के अंतर्गत घर-घर प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और उसकी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में सचिव अमिता जायसवाल द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

प्रत्येक जागरूकता शिविर में नालसा के पांचों इकाई एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा रहा है। प्रत्येक माह पूरे जिले में लगभग 60 जागरूकता शिविर का आयोजन, सचिव, पैरालीगल वालंटियरर्स एवं न्यायधीशों द्वारा किया जा रहा है, जिसकी सफलता प्रारंभ हो चुकी है, इससे जनसमान्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार में विधिक सहायता के लिये मौखिक एवं लिखित सलाह ले रहे हैं।

कानूनी सहायता के अतिरिक्त मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति जिनका उपचार कराने में उनका परिवार समर्थ नहीं है, उनका उपचार कराने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर प्राधिकरण के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की सफलता यह है कि अधिक से अधिक संख्या में विधिक सहायता एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये सहयोग प्रदान करने प्राधिकरण से संपर्क किया जा रहा है। प्रत्येक माह लगभग 40 से 50 लोगों को विधिक सहायता एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जनसामान्य से यह अपील है कि कमजोर वर्ग के लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यप्रणाली को जानने व समझने में सहयोग प्रदान करें व उसके प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करें।



#### पांच बच्चों में से तीन बच्चों के माता-पिता नहीं

जागरूकता शिविर में उपस्थित लोगों द्वारा योजनाओं को सुना गया और साथी इकाई के तहत पांच बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है जिला विधिक सेदा प्राधिकरण में उपस्थित होकर सचिव से मुलाकात की गई। पांच बच्चों में से तीन बच्चों के माता-पिता नहीं है, उनके दादा-दादी के द्वारा उनका लालन-पालन किया जा रहा है, उनके दादा-दादी भी वृद्ध हो चुके हैं, दादा दादी प्राधिकरण में उपस्थित होकर सहयोग की अपेक्षा की गई। पांचों बच्चों के संबंध में साथी इकाई के सदस्य, महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के सदस्यों के साथ बैठक की गई और शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

#### कमजोर वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करान

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह बताया गया है कि आम जनता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किस प्रकार काम करता है इसकी जानकारी नहीं है, इसलिये अधिक से अधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 का मुख्य उद्देश्य भारत में कमजोर वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, आर्थिक एवं अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय प्राप्त करने से वंचित ना हो। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिनियम के अनुसार किसी मामले को फाइल करने या प्रतिरक्षा करने के लिये अधिनियम में उल्लेखित श्रेणी के अनुसार निःशुल्क अधिक्ता प्रदान किया जाता है। अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्य, मानव के दुर्व्यहार के शिकार व्यक्ति, स्त्री या बालक, निःशक्त व्यक्ति आपदा पीड़ित व्यक्ति जैसे जाति हिंसा, जाति अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक संकट के शिकार व्यक्ति, औद्योगिक कर्मकार, अभिरक्षाधीन बंदी, साथ ही यदि इन श्रेणी से भिन्न व्यक्ति जिनकी आय 150000 से कम है, उनको निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। इसके लिये प्रतिधारक अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कॉसिल की नियुक्ति की गई है।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर होगा त्वरित अमल, समय पर पूर्ण होंगे कार्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान किये गए घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों क़ो त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने वर्षा जल संचयन के लिए नगरीय निकायों के सभी पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों क़ो भवन निर्माण की अनुमति के दस्तावेज अनुसार भवन स्वामियों से वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर पालिका परिषद भाटापारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा भवन निर्माण अनुमति सम्बन्धी दस्तावेज की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने 21 जून क़ो आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर गरिमामय आयोजन के निर्देश दिये।

- वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण में लापरवाही पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी क़ो नोटिस
- कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

उन्होंने राजस्व न्यायालय के साथ ही मैदानी कार्यों क़ो भी तत्परता से पूरा करने तहसीलदारों क़ो निर्देशित किया। इसके साथ ही आरबीसी 6-4, भू -अर्जन, किसानों क़ो खाद -बीज़ की उपलब्धता, सीपी ग्राम्स, पीजीएन का लंबित आवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### वन व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों क़ो निर्देशित किया

योगाभ्यास स्थल पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा रोपण, बीज़ वितरण कराने वन व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों क़ो निर्देशित किया। योग में युवाओं की सहभागिता हेतु स्कूल, कॉलेज आईटीआई, आयुष केंद्र, अमृत सरोवर शेड में योगाभ्यास कराने तथा एनएसएस, एनसीसी के युवाओं क़ो शामिल करने कहा। योग अभ्यास में शामिल अधिकारी कर्मचारियों का ऑनलाइन पंजीयन के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत राजस्व प्रकारणों की समीक्षा करते हुए 1 वर्ष से लंबित प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाने तथा बारिश से पहले सीमांकन व बटांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को खिलाई गई मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कैलाशगढ़ में 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव जिले के सभी स्कूलों में मनाया गया। सुबह बच्चों का स्कूल में तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मिठाई खिलाई गई। उन्हें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नए गणवेश दिए गए और पुस्तकों का भी वितरण किया गया। बच्चों में उमंग और चेहरे पर मुस्कान देखी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक मनोहर लाल ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष कमलेश नेताम, उपाध्यक्ष श्रवण निषाद, उपसरपंच सुकृता मानिकपुरी, पंच पुरान सिंह निषाद, सदस्य महेश पैकरा, सुनीता निषाद, सूरज बाई पैकरा, डागेश्वरी निषाद, दुर्गेश इत्यादि मौजूद थे।

# कबीर मुनि साहेब के प्राकट्य दिवस पर अनुयायियों ने वृद्धाश्रम में बांटी खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के कबीर पंथ के अनुयायियों अमिन माता महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संत कबीर मुनि साहेब के प्राकट्य दिवस पर बलौदाबाजार के समस्त सदस्य वृद्धाश्रम पहुंचे और आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री के साथ बिस्किट, मिक्चर का वितरण किया। साथ ही पैर छुकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कबीर मुनि साहेब द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने व समाज के बुजुर्गों, गरीब तबके के लोगों के लिए जनहित कार्यों को करने कहा गया। उनके द्वारा कहे गए एक एक शब्द आज लोगों के दिलों में है, जिससे समाज के लोग बुराई से बचकर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कबीर पंथ समाज के संरक्षक सुखी राम साहू, अध्यक्ष डॉ. रामु राम साहू, सोहनलाल साहू, केशवराम साहू, चैनुराम साहू, प्रेम नारायण साहू, मोहन लाल साहू, ललिता साहू, खिलावन यादव, भावना साहू, भवन साहू, बिहारी साहू, रमेश कुमार साहू, जागेश्वर पाटकर, राम कैलाश मानिकपुरी, कुशल साहू, डिलुराम साहू, उपेन्द्र साहू, पन्ना साहू, उर्मिला, सावित्री साहू, अपूर्णा, संतोषी, मीना, चम्पा, लता, चंद्रमा, पद्मा साहू, संतोष साहू उपस्थित थे।




# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

योगाभ्यास के साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 15 से 21 जून तक विभिन्न संस्थानों में योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्री वाटिका वृध्दाश्रम बलौदाबाजार में बुजुर्गों क़ो योगाभ्यास प्रतिदिन कराया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम ने बताया कि वृद्धाश्रम के साथ ही नशामुक्ति केन्द्र एवं मनोविकास केंद्र में प्रातः योगाभ्यास कराया जा रहा है। योगाभ्यास से वे उत्साहित है एवं प्रफुल्लित महसूस कर रहे हैं। इसी तरह जिले के विभिन्न स्थान पर आयुष विभाग द्वारा भी योग प्राणायाम कराया जा रहा है। यह योग का महाकुम्भ 21 जून तक चलेगा, परन्तु योग को प्रत्येक दिवस करना ही उद्देश्य है एवं जीवनचर्या को सही दिशा में ले जाना ही योग का वास्तविक उद्देश्य है। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है जो जीवन को सहज और सरल बनाती है।



**ओआरएस पाउडर एवं जिंक गोली का वितरण भी किया**

# जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन का शुभारंभ, 31 जुलाई तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारिश के मौसम में डायरिया जैसे रोग की रोकथाम हेतु जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन 16 जून से शुरू कर दिया गया है, जो 31 जुलाई तक ज़ारी रहेगा। अभियान के दौरान मरीज के परिजनों एवं बच्चों को दस्त प्रबंधन व हैंड वॉशिंग की विधि के बारे में जानकारी देने के साथ ही ओआरएस पाउडर एवं जिंक गोली का वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य हेतु निर्देशित किया है। साथ ही किसी क्षेत्र में डायरिया की स्थिति पर तत्काल सूचना और रोकथाम हेतु सभी को सावधान रहने को कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया मृत्यु का मुख्य कारण है। डायरिया पाचन से संबंधित एक संक्रामक रोग है, जिसमें व्यक्ति को दस्त आना शुरू हो जाते हैं। यह दूषित पानी और भोजन के सेवन से होता है। डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आते हैं जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है। कुपोषित, शिशुओं, छोटे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस तरह के खतरनाक संक्रमण का शिकार होने का खतरा अधिक होता है। डायरिया के कुछ लक्षण हैं-पतला दस्त, पेट में ऐंठन या मतली और उल्टी, बुखार, निर्जलीकरण, भूख में कमी। समय पर उपचार न लेने से जान भी जा सकती है। डायरिया से बचाव हेतु साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए दूषित जल और खान-पान से बचना चाहिए। भोजन ताज़ा और आवश्यकता होने पर जल उबाल कर पीना सही रहता है। घर मोहल्ले में किसी को डायरिया के लक्षण होने पर तत्काल मितानिन तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें।



